संख्या- 360 /2025/ 3428 /चार-2025-1995452

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 18 दिसम्बर, 2025**

विषयः- जनपद गोरखपुर में दिनांक 01 जुलाई, 2025 को महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर मा0 राष्ट्रपति, भारत के स्वागत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर हुए व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 1715/सं0नि0-15(12)/2019-20, दिनांक 10 सितम्बर, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि महामहिम राष्ट्रपति महोदया के कर कमलों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में एम्स गोरखपुर एवं महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में स्वागत हेतु दिनांक 30.06.2025 एवं 01.07.2025 को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करायी गयी। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय एवं व्यवस्थाओं पर हुए वास्तविक व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रस्तावित है। कार्यक्रम पर हुए व्यय का वास्तिवक विवरण निम्नवत् उपलब्ध कराया गया है:-

क्र0	*कलाकार का नाम*	विधा	दिनांक	मानदेय (02 दिवस)	किराया	कुल देय धनराशि
1	श्री ब्रज बिहारी दूबे, गोरखपुर	फरूवाही नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	-	60,000.00
2	श्री छेदी यादव, गोरखपुर	फरूवाही नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	-	60,000.00
3	विन्ध्यांचल आजाद, गोरखपुर	फरूवाही नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	-	60,000.00
4	श्री धर्मेन्द्र, ललितपुर	शैरा नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	51,150.00	1,11,150.00
5	श्री राम मूरत, गोरखपुर	इन्द्रासनी नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	-	60,000.00
6	श्री हंसराज, मथुरा	बम रसिया/ नगाड़ा	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	51,150.00	1,11,150.00
7	सुश्री साक्षी मिश्रा, अयोध्या	बधावा नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	13,200.00	73,200.00
8	श्री विजय यादव, अयोध्या	फरूवाही नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	13,200.00	73,200.00
9	श्री शीतला प्रसाद वर्मा, अयोध्या	फरूवाही नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	67,500.00	13,200.00	80,700.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

10	श्री मुन्ना लाल यादव, आजमगढ़	धोबिया नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	9,900.00	69,900.00
11	सुश्री प्रीती सिंह, प्रयागराज	ढेढ़िया नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	23,100.00	83,100.00
12	श्री गजाधर, सोनभद्र	मादल नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	26,400.00	86,400.00
13	श्री महेन्द्र, सोनभद्र	मादल नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	26,400.00	86,400.00
14	श्री रमेश पाल, बांदा	पाई-डण्डा नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	33,000.00 10,000.00	93,000.00 10,000.00
15	श्री बंटी सिंह राणा, पीलीभीत	थारू लोक नृत्य	01.07.2025	40,000.00	39,600.00	79,600.00
16	श्री निशान्त भदौरिया, झांसी	राई नृत्य	01.07.2025	40,000.00	42,900.00	82,900.00
17	श्री संदीप पाण्डे, गोरखपुर	बधावा नृत्य	01.07.2025	40,000.00	-	40,000.00
18	सुश्री सोनिका सिंह, गोरखपुर	झिंझिया नृत्य	01.07.2025	40,000.00	-	40,000.00
19	सुश्री खुशबू शर्मा, मथुरा	मयूर नृत्य	01.07.2025	40,000.00	51,150.00	91,150.00
20	सुश्री प्रिया बाजपेयी, लखनऊ	बधावा नृत्य	01.07.2025	40,000.00	23,100.00	63,100.00
21	श्री सल्टूराम, गाजीपुर	धोबिया नृत्य	01.07.2025	40,000.00	14,850.00	54,850.00
22	सुश्री सुरतिया, सोनभद्र		30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	26,400.00	86,400.00
23	श्री रामज्ञान, गोरखपुर	फरूवाही नृत्य	01.07.2025	45,000.00	-	45,000.00
24	श्री सुगम सिंह, गोरखपुर	वंटांगिया नृत्य	30.06.2025 01.07.2025	60,000.00	-	60,000.00
25	श्री अभिनीत राजन, गोरखपुर	बधावा लोकनृत्य	01.07.2025	40,000.00	-	40,000.00
26	श्री राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, गोरखपुर	लोक गायन	01.07.2025	55,000.00	-	55,000.00
27	मे0 एम0आर0 ट्रवेल्स, लखनऊ				087/24.07.2025	15,867.00
					088/24.07.2025	16,207.00
28	मे0 हरीश कुक एण्ड कैटर्स, गोरखपुर				90/30.06.2025	1,54,200.00
					91/01.07.2025	1,38,900.00
29	मे0 अम्बे कॉम्युनिकेशन एण्ड ट्रेवेल्स, गोरखपुर				991/ 01.07.2025	4,600.00
कुल योग (रूपये इक्कीस लाख पिच्चासी हजार नौ सौ चौहत्तर मात्र)						21,85,974.00

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद गोरखपुर में दिनांक 01 जुलाई, 2025 को महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर मा0 राष्ट्रपति, भारत के स्वागत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर हुए व्यय **रू0 21,85,974 (रूपये इक्कीस लाख पिच्चासी हजार नौ सौ चौहत्तर मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(8) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

(9) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अतः बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-19- विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन-42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।